प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन आज पेश किये जायेंगे कई विधेयक, राज्य सरकार ने की मार्च के बाद जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा।
- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति दो हफ्ते में करने का दिया निर्देश
- चर्चित एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, शूटर समेत चार अपराधी गिरफ्तार।
- साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, देवघर में 11 अपराधी किये गये गिरफ्तार।
- झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के जूनियर वर्ग में सिमडेगा और सब जूनियर में रांची ने जीता खिताब, सिमडेगा की कुल्लू और एस्थर होरो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज 18वां दिन है। सदन में आज कई विधेयक पेश किये जायेंगे। चर्चा के बाद इन्हें पारित किया जायेगा। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से पेश किये गये वार्षिक बजट को कल सदन ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। इससे पहले कल सदन के भीतर राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा की।

********************

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में आयोजित की गई थी जिसमें झारखंड प्रांत के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल और प्रांत कार्यवाहक संजय ने रांची में पत्रकारों को बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का वर्ष है। इसको लेकर संघ झारखंड में कई कार्यक्रम संचालित करेगा।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरएसएस और भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाये हैं। रांची में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में उत्सव नहीं विस्तार की रणनीति पर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर हिंसा और परिसीमन पर आरएसएस और भाजपा को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो हफ्ते में लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक चौधरी की अदालत ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति कर ली गयी है और अब जल्द ही लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर ली जायेगी। इस पर अदालत ने दो सप्ताह में नियुक्ति कर सूचित करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति दर्शाते हैं।
लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑन–लाइन अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

********************

हजारीबाग में एनटीपीसी के डिस्पैच डीजीएम कुमार गौरव की हत्या मामले में पुलिस ने शूटर समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी संजीव कुमार ने बताया कि कोयला कंपनी में दहशत फैलाने के लिए कुख्यात अपराधी अमन साहू के गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि घटना में इस्तेमाल किये गये हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं।

********************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देवघर पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

********************

रांची और आसपास के इलाकों में कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। प्रशासन इससे बचाव के लिए ऐहतियाती कदम उठा रहा है।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए प्रदेश की उन्नति, सुख समृद्धि के साथ–साथ प्रेम, भाईचार और खुशहाली की दुआ मांगी।
- खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के नगड़ा पतराटोली गांव में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है।

********************

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर पड़ जाने के कारण रांची समेत राज्यभर में मौसम साफ हो गया है। मौसम विभाग ने फिर तापमान में वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अधिकतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभव है।

********************

झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के सब जूनियर वर्ग में रांची और जूनियर वर्ग में सिमडेगा की टीम चैंपियन बनी। जूनियर महिला हॉकी के फाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग दो गोल से पराजित किया। हजारीबाग की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। सब जूनियर वर्ग के फाइनल में रांची ने सिमडेगा को एक–शून्य से हराया। जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सिमडेगा की रीना कुल्लू और सब जूनियर वर्ग में सिमडेगा की ही एस्थर होरो को दिया गया।

<u>********************</u>

इधर, रांची की टीम 31 स्वर्ण पदक जीतकर चौथी झारखंड राज्य महिला ताइक्वाडो प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन बनी है। पूर्वी सिंहभूम दूसरे और पश्चिमी सिंहभूम की टीम तीसरे स्थान पर रही। झारखंड ताइक्वाडो संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 360 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

<u>********************</u>

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सदन में राज्य सरकार की ओर से जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– राज्य में अप्रैल के बाद जातीय सर्वे की तैयारी।

प्रभात खबर ने लिखा है– ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव करायेगी सरकार।

दैनिक भास्कर ने लिखता है– डीजीपी नियुक्ति पर सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– मलेरिया से मंडरो में पांच की मौत के बाद मास फीवर सर्वे का निर्देश।

<u>****************</u>